>

Title: Need to include Naik caste in Beel caste.

श्री बद्रीराम जाखड़ (पाली): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। इसके लिए मैं आपका बहुत बहुत धन्यवाद करता हूं। मैं बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलना चाहता हूं कि एक नाइक जाति है। वह जाति बहुत ही गरीब है और यदि उसके घर पर आप जाते हैं तो उसकी गरीबी देखकर आपकी आंख में आंसू आएंगे। वह जाति भील जाति और नाइक जाति दोनों एक ही धनु जाति है। धनु परिवार में शादी भीलों में होती है और नाइकों में होती है और उस जाति को भील में शामिल नहीं किया गया है जिससे उसको फायदा नहीं मिल रहा है। कभी कभी तो हमारे यहां जिला परिषद और पंचायत समिति के सदस्य के टिकट के लिए ढूंढ़ना पड़ता है। इसलिए भील जाति में नाइक जाति को शामिल करने के लिए मैं आपसे पुरजोर मांग करता हूं। भील जाति जो है उसे नाइक का उपनाम दिया हुआ है। नाइक और भील में कोई फर्क नहीं है। ये दोनों एक ही जाति है। नाइक जाति को भील जाति में शामिल करने के लिए मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं।